# म.प्र. राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड, भोपाल

( पूर्व - म.प्र. राज्य ओपन स्कूल )

मध्यप्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग

शिवाजी नगर, भोपाल - 462011

Phone : 0755 – 2552106
Web Site : www.mpsos.nic.in
E-Mail : mpsos2022@gmail.com

**क्रमांक/एम.पी.एस.ओ.एस.ई.बी./परीक्षा–1/2025/** 5503 **भोपाल, दिनांक** 04/12/2025

प्रति,

प्राचार्य
शासकीय हाईस्कूल उ.मा. विद्यालय
समस्त मध्यप्रदेश

विषयः– ओलम्पियाड कक्षा 9वीं एवं 10वीं हेतु गणित एवं विज्ञान विषय में परीक्षा **2025 के संबंध में।**

विषयान्तर्गत प्रदेश के शासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 9वीं एवं 10वीं के जिन विद्यार्थियों ने उपरोक्त परीक्षाओं के लिए ऑनलाइन पंजीयन कराये थे, उनकी ओलम्पियाड परीक्षा दिनांक 07.12.2025 को पूरे प्रदेश में विकासखण्ड स्तरीय उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित की जायेगी। प्रत्येक विद्यार्थी दोनों विषय गणित एवं विज्ञान की परीक्षा में सम्मिलित होगा। बच्चों के अनुक्रमांक विकासखण्डवार आवंटित कर म.प्र. राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड की वेबसाइट www.mpsos.nic.in अपलोड कर दिये गये है, जो कि पी.डी.एफ फार्मेट में है। अपने विकासखण्ड की सूची में उन बच्चों के अनुक्रमांक देखकर बच्चों को अवगत करायें, एवं एक छोटा सा प्रवेश पत्र जिसमें उनका अनुक्रमांक, नाम, माता एवं पिता का नाम एवं विद्यालय का नाम हो। बनाकर उन्हें प्रदान करें। ताकि ब्लॉक स्तर पर उन्हें अपना अनुक्रमांक प्राप्त करने पर परेशानी न हो। परीक्षा निम्नानुसार आयोजित होगी :–

1. प्रथम पाली में 11:00 बजे से 01:00 बजे तक विज्ञान विषय एवं द्वितीय पाली 02:00 बजे से 04:00 बजे गणित विषय की परीक्षा आयोजित होगी।
2. ओलम्पियाड परीक्षा कक्षा 9वीं एवं 10वीं के विज्ञान एवं गणित विषय के लिए होगी।
3. परीक्षा में उपयोग की जाने वाली O.M.R शीट रोल नम्बर, नाम, पिता का नाम एवं विकासखण्ड का नाम पूर्व से अंकित है।

अतः उपरोक्त परीक्षा में पंजीकृत छात्र/छात्राओं को अवगत कराते हुए शातप्रतिशत छात्र/छात्राओं को परीक्षा में सम्मिलित करायें।

**(संचालक द्वारा अनुमोदित)**

4.12.25

**(राम वैद्य)**
**सहायक संचालक (परीक्षा–1)**
**म.प्र. राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड**

**पृ.क्र./एम.पी.एस.ओ.एस.ई.बी./परीक्षा–1/2025/** 5504 **भोपाल, दिनांक** 04/12/2025

**प्रतिलिपिः–**

1. आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय म.प्र. की ओर सादर सूचनार्थ।
2. समस्त संभागीय संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण म.प्र. की ओर सूचनार्थ।
3. जिला शिक्षा अधिकारी जिला समस्त (म.प्र.) की ओर सूचनार्थ कृपया समस्त प्राचार्यो को पत्र को अग्रेषित करने हेतु ।
4. सहायक आयुक्त जनजाति कल्याण विभाग की ओर सूचनार्थ।
5. प्राचार्य ईएफए समस्त संकलन केन्द्र की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

**सहायक संचालक (परीक्षा–1)**
**म.प्र. राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड**

# म.प्र. राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड, भोपाल

( पूर्व - म.प्र. राज्य ओपन स्कूल )
मध्यप्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग
शिवाजी नगर, भोपाल - 462011

Phone : 0755 – 2552106
Web Site : www.mpsos.nic.in
E-Mail : mpsos2022@gmail.com

क्रमांक/एम.पी.एस.ओ.एस.ई.बी./परीक्षा–1/2025/ 5505 भोपाल, दिनांक 04/12/2025

प्रति

प्राचार्य
विकासखण्ड स्तरीय उत्कृष्ट विद्यालय
समस्त विकासखण्ड म.प्र.

विषयः– ओलम्पियाड कक्षा 9वीं एवं 10वीं हेतु गणित एवं विज्ञान विषय में परीक्षा परीक्षा 2025 के आयोजन के संबंध में ।

----00----

विषयान्तर्गत प्रदेश के शासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 9वीं एवं 10वीं के विद्यार्थियों की गणित एवं विज्ञान विषय के ओलम्पियाड परीक्षा दिनांक 07.12.2025 आपके केन्द्र पर प्रथम पाली 11:00 बजे से 01:00 बजे तक विज्ञान विषय एवं 02:00 बजे से 04:00 बजे तक गणित विषय की आयोजित होगी। परीक्षा से संबंधित गोपनीय सामग्री जिले के ईएफए विद्यालयों से आपको प्राप्त करना होगी। जिसकी सूचना पृथक से दी जायेगी, एवं परीक्षा उपरांत सामग्री संलग्न निर्देशानुसार दिनांक 08.12.2025 को ईएफए विद्यालय में ही जमा करनी होगी। ईएफए विद्यालय प्राचार्य जिले की सम्पूर्ण सामग्री को अलग-अलग पैकेटों में 09 एवं 10 दिसम्बर 2025 को भोपाल स्थित ईएफए विद्यालय शासकीय सरोजनी नायडू कन्या उ.मा.वि. शिवाजी नगर भोपाल में जमा करनी होगी।

परीक्षा से संबंधी निम्नानुसार निर्देशों का अध्ययन कर पालन करना सुनिश्चित करें।

1. प्रथम पाली में 11:00 बजे से 01:00 बजे तक विज्ञान विषय एवं द्वितीय पाली 02:00 बजे से 04:00 बजे गणित विषय की परीक्षा आयोजित होगी।
2. आपके केन्द्र पर आवंटित समस्त परीक्षार्थियों के सीटिंग प्लान एक दिन पूर्व बना करके कक्षों में डाल दें। यह ध्यान रखें कि परीक्षार्थियों के बीच पर्याप्त दूरी बोर्ड परीक्षाओं के समान रखी जायें।
3. 20 परीक्षार्थियों पर एक वीक्षक अनिवार्यतः लगाया जायें।
4. ओ.एम.आर. शीट एवं प्रश्नपत्र की उत्तरपुस्तिकाएं 15 मिनिट पूर्व ही कक्षों में वितरित की जाये।
5. ओ.एम.आर. शीट पर पूर्व से छात्रों के नाम, पिता का नाम एवं अनुक्रमांक अंकित है। अतः छात्र की ओ.एम.आर शीट उसे प्राप्त हो।
6. जो बच्चें अनुपस्थित हो, उन परीक्षार्थियों की ओ.एम.आर. शीट प्रारंभ में उन्हीं की टेबल पर रख दें। बाद में अनुपस्थित स्थान पर गोला काला करके वीक्षक के द्वारा उसी क्रम में लगा करके रखें। पूरे केन्द्र की ओ.एम.आर. शीट 200-200 के बंडल में पैक कर हार्ड पुश्ता इस प्रकार पैक करें कि मुड़े न। विज्ञान विषय की ओ.एम.आर. शीट को सफेद कपडें में एवं गणित विषय की ओ.एम.आर. शीट को पीले कपड़े में पैक करके भेजें।
7. परीक्षा से संबंधी उपस्थिति पत्रक, डॉकेट फार्म, चेकलिस्ट एम.पी.एस.ओ.एस. की वेबसाईट www.mpsos.nic.in अपलोड कर दी जायेगी। जिनके प्रिंट आउट निकाल कर उपयोग किया जाये। इसके लिए लॉगिन एवं पासवर्ड आपका केन्द्र क्रमांक होगा। जो आपके विद्यालय के डाइस कोड के प्रथम छः अंक होगें।

निरन्तर 2....

# म.प्र. राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड, भोपाल

( पूर्व - म.प्र. राज्य ओपन स्कूल )
मध्यप्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग
शिवाजी नगर, भोपाल - 462011

Phone : 0755 – 2552106
Web Site : www.mpsos.nic.in
E-Mail : mpsos2022@gmail.com

क्रमांक/एम.पी.एस.ओ.एस.ई.बी./परीक्षा–1/2025/5505 भोपाल, दिनांक 04/12/2025



8. सामग्री जमा करने में निम्नानुसार पैकेट बनाकर जमा करें।
   - 8.1 उपस्थिति पत्रक दोनों परीक्षाओं का एक होगा।
   - 8.2 डॉकेट एवं चेकलिस्ट ।
   - 8.3 केन्द्राध्यक्ष की रिपोर्ट ।
   - 8.4 कोई सगे–संबंधी / रिश्तेदार न बैठें इसका घोषण पत्र ।
   - 8.5 ओ.एम.आर. शीट के बंडल पृथक–पृथक – विज्ञान विषय की ओ.एम.आर. शीट को सफेद कपडें में एवं गणित विषय की ओ.एम.आर. शीट को पीले कपड़े में पैक करके भेजें।

(संचालक द्वारा अनुमोदित)

4.12.25

(राम वैद्य)
सहायक संचालक (परीक्षा–1)
म.प्र. राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड

पृ.क्र./एम.पी.एस.ओ.एस.ई.बी./परीक्षा–1/2025/5506 भोपाल, दिनांक 04/12/2025

प्रतिलिपिः–

1. समस्त संभागीय संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण म.प्र. की ओर सूचनार्थ।
2. जिला शिक्षा अधिकारी जिला समस्त (म.प्र.) की ओर सूचनार्थ कृपया समस्त प्राचार्य विकासखण्ड स्तरीय उत्कृष्ट विद्यालयों को अवगत करावें।
3. प्राचार्य ईएफए समस्त संकलन केन्द्र की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

सहायक संचालक (परीक्षा–1)
म.प्र. राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड

# मध्यप्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड

## शिवाजी नगर, भोपाल - 462021

(ओलम्पियाड कक्षा 9वीं एवं 10वी विज्ञान एवं गणित विषय परीक्षा 2025)

## केन्द्राध्यक्ष रिपोर्ट

परीक्षा केन्द्र का नाम ..........................................केन्द्राध्यक्ष का नाम एवं मो.न. ..........................................

(1) रासा में अंकित रोल नं....................................से ...............................तक कुल संख्या.................

(2) प्राप्त ओ.एम.आर. शीटस ........................................................................................................

(3) उपस्थित परीक्षार्थियों की संख्या ................................परीक्षार्थियों से प्राप्त ओ.एम.आर. शीट्स संख्या................

(4) अनुपस्थित परीक्षार्थियों की संख्या ..............वीक्षक द्वारा भरी (अनुपस्थित) ओ.एम.आर. शीट्स की संख्या............

(5) यदि अतिरिक्त ओ.एम.आर. शीट्स उपयोग की गई तो उसकी संख्या ..........................................

(6) यू.एफ.एम. प्रकरण एवं अनुक्रमांक..............................................................................................

........................................................................................................................................

| रोल नं. से रोल नं. तक | कुल ओ.एम.आर.शीटों की संख्या | अनुपस्थित परीक्षार्थियों के अनुक्रमांक |
|---|---|---|
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |
| प्राप्त ओ.एम.आर. शीट्स का योग - अतिरिक्त प्रदाय ओ.एम.आर. शीट्स के अनुक्रमांक | | |

.........................................

प्रेक्षक के हस्ताक्षर

नाम, पदनाम एवं संस्था

.........................................

केन्द्र अधीक्षक के हस्ताक्षर

नाम, पदनाम एवं संस्था

नोट : 1. अनुपस्थित परीक्षार्थियों को आवंटित ओ.एम.आर. शीट्स के निर्धारित गोले को वीक्षक काला कर अपने हस्ताक्षर करेगें। एवं उपस्थित परीक्षार्थियों की ओ.एम.आर. शीटस के साथ निर्धारित क्रम में रखेगें।

2. अनुपस्थित परीक्षार्थियों की संख्या अधिक होने पर उनके अनुक्रमांक पृष्ठ भाग पर अंकित किए जावें।

# मध्यप्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड
## शिवाजी नगर, भोपाल - 462021
(ओलम्पियाड कक्षा 9वीं एवं 10वी विज्ञान एवं गणित विषय परीक्षा 2025)

### घोषणा-पत्र

मैं, घोषणा करता/करती हूं कि ओलम्पियाड कक्षा 9वीं एवं 10वी विज्ञान एवं गणित विषय परीक्षा 2025 मेरा कोई संबंधी (जैसे-पति, पुत्र, पुत्री, बहन, भाई,पत्नी के भाई/बहन) प्रविष्ट नहीं हो रहा है।

2. मैं यह भी घोषणा करता/करती हूं कि उक्त परीक्षा से संबंधित जो भी गोपनीय कार्य मुझे सौंपा जावेगा उसे मैं निष्ठा, ईमानदारी एवं परिश्रम के साथ सम्पन्न करुंगा/करुंगी तथा उसकी गोपनीयता किसी भी प्रकार से भंग नहीं करुंगा/करुंगी।

3. यदि इस घोषणा-पत्र में प्रस्तुत की गई जानकारी किसी भी समय असत्य पाई जाती है, तो म.प्र. राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड मेरे विरुद्ध विभागीय जाँच व वैधानिक कार्यवाही करने के लिए स्वतंत्र होगा।

| स.क्र. | नाम | पदनाम | संस्था | मोबाईल न. | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

दिनांक :- ......................

हस्ताक्षर : ......................................................

पद सहित पूरा नाम : ..................................

पिता/पति का नाम : ..................................